## एक नजर में

### सीएमओ ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 01 मई, सं.** नपा सीएमओ दीपक रानवे द्वारा पेयजल सप्लाय एवं जनगणना 2027 संबंधी कार्यो का निरीक्षण किया. नगर में स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल वितरण लाईन एवं ओव्हर हेड टेंक व जल शोधन केन्द् का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर नियुक्त कर्मचारियों को पेयजल संबंधी समस्त व्यवस्थाएं समय पर करने व पानी की गुणवत्ता बनाये रखने व नगर में स्वच्छ जल सप्लाय हेतु आवश्यक सामग्री की मांग समय पर करने के निर्देश दिए. ग्रीष्मकाल को देखते हुए जल संकट से निपटने के लिए शासन निर्देशानुसार आवश्यक व्यावस्थायें बनाने हेतु जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे को निर्देशित किया गया. सीएमओ द्वारा भारत की जनगणना संबंधी मकान सूचीकरण का प्रगणकों के कार्यो का भी निरीक्षण किया. समय समय पेयजल की जांच कराने, जल की शुद्धता फिल्टर प्लांट की साफ-सफाई व डयूटी समय पर कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए. इस मौके पर कर्मचारी गौरव शर्मा, प्रभारी स्वेच्छ्ता निरीक्षक सतीश कंडारे, गोकुल पुष्पद उपस्थित थे.

### कलेक्टर, एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**राजगढ़ 01 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी द्वारा शुक्रवार को राजगढ़ जिले के ब्यावरा स्थित शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर संचालित व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए. निरीक्षण के दौरान प्रश्नपत्रों के सुरक्षित संधारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई. साथ ही परीक्षा केंद्र पर स्थापित बायोमेट्रिक मशीनों की कार्यप्रणाली का परीक्षण कर उन्हें सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, ताकि परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्र पर तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें. उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी.

### मेंटेनेंस के कारण में बिजली सप्लाई बंद रहेगी

**जीरापुर 01 मई, सं.** मध्य प्रदेश विद्युत वितरण केन्द्र 2 मई शनिवार को 132 केवी उपकेंद्र जीरापुर से निकलने वाले 33 के व्ही लाइनों का मेंटनेंस काम होना है जिसको लेकर प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक विधुत सप्लाई मेंटेनेंस कार्य किये जाने की वजह से बंद रहेगी. जिससे छापीहेड़ा, नांदनी, धतरवदा, झाड़मऊ, मोहन, राजाहेड़ी, आमलाबे एवं आसपास के लगभग 90 गांव की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी. आवश्यकता अनुसार समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है. उक्त जानकारी उप महाप्रबंधक राहुल ठाकुर ने देते हुए बताया कि विधुत सम्बंधित आवश्यक कार्य समय के पूर्व उपभोक्ता कर लें ताकि विद्युत सप्लाई के दौरान होने वाली परेशानी से बचा जा सके.

# हवन कुण्ड में फूटे सूतली बम, दर्जन भर झुलसे

## आस्था से खिलवाड़ : हबीपुरा गांव के हनुमान मंदिर में हवन कुण्ड में डाले सूतली बम, बड़ा हादसा टला

**अज्ञात व्यक्ति की शरारत, 2 बार धमाके हुए हवन पर बैठे लोगों के कपड़े जले 7 बम जिंदा मिले**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 मई, का. समीपस्थ ग्राम हबीपुरा में एक बेहद ही सनसनीखेज और दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है. यहाँ के हनुमान मंदिर पर पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गायत्री हवन के दौरान अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा हवन कुंड में सुतली बम छिपा दिए गए. जैसे ही हवन शुरू हुआ और अग्नि प्रज्वलित हुई, कुंड में एक के बाद एक धमाके होने लगे. इस घटना में हवन कर रहे श्रद्धालुओं के कपड़े जल गए और एक व्यक्ति घायल हो गया. मामले की सूचना पुलिस को दी गई. टीआई वीरेन्द्र धाकड़ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए पूरी जानकारी ली. मामले की जांच की जा रही है.**



### राख से निकले सात जिंदा सुतली बम

धमाका होते ही वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. श्रद्धालुओं ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कुंड में पानी डाला और आग बुझाई. जब सावधानी से कुंड की राख को खंगाला गया, तो ग्रामीणों के होश उड़ गए. राख के भीतर से सात सुतली बम बरामद हुए. ग्रामीणों का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर इस पवित्र आयोजन में बाधा डालने और लोगों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से ये बम रखे थे.

### भक्ति के माहौल में फैला खौफ

जानकारी के अनुसार, ग्राम हबीपुरा स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हर पूर्णिमा और अमावस्या को गायत्री हवन का गायत्री समिति के सदस्यों के द्वारा सामूहिक आयोजन किया जाता है. शुक्रवार को पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धालु विधि-विधान से आहुतियां दे रहे थे. जैसे ही अग्नि ने कुंड की गहराई पकड़ी, अचानक तेज धमाकों से पूरा मंदिर परिसर दहल उठा. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके इतने जोरदार थे कि जलती हुई राख और अंगारे हवा में उछलकर चारों ओर बिखर गए. जिससे कुछ समय के लिए मंदिर में अफरा तफरी मच गई हवन कर रहे लोगों के पेर अंगारों से जल गये.

### श्रद्धालु घायल, कपड़े भी जले

इस विस्फोट की चपेट में आने से हवन कर रहे श्रद्धालुओं के कपड़े बुरी तरह झुलस गए. गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, हालांकि एक श्रद्धालु के पैर में चोट आई है. घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है. घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची. मामले की गंभीरता को देखते हुए ब्यावरा सिटी थाना प्रभारी विरेन्द्र धाकड़ भी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया. ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि खेड़ापति हनुमान मंदिर जैसे आस्था के केंद्र पर ऐसी ओछी हरकत करने वाले व्यक्ति की शिनाख्त कर उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए. ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

*यह घटना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है. अपने तरह का पहला मामला सामने आया है. शरारत अथवा द्वेषतावश किसी ने ऐसा किया है. किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में इस तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी. ग्रामीणों की तरफ से शिकायत दर्ज कराने पर मामले की सूक्ष्मता से जांच की जायेगी. और दोषियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा.*

**वीरेन्द्र धाकड़, थाना प्रभारी ब्यावरा**



# बैंक ऑफ इण्डिया ने नहीं डाला पेंशन एरियर

## एसबीआई सहित अन्य बैंक कर चुके एरियर भुगतान




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 मई, का. सितम्बर में सीएम द्वारा घोषणा के बाद नए वित्तीय वर्ष के पहले महीने अप्रैल में पेंशनरों को बढ़ी हुई राशि एरियर के साथ डाली गई है. एसबीआई सहित सभी बैंकों ने यह राशि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच खातों में आहरित कर दी है. ब्यावरा में एसबीआई के पेंशन खाता धारकों को यह राशि 13 अप्रैल को दी जा चुकी है. लेकिन बैंक ऑफ इण्डिया में पेंशन खाता धारकों को बढ़ी हुई पेंशन राशि के एरियर का भुगतान नहीं किया गया है. पेंशनर संघ जिला संरक्षक रघुनंदन शर्मा ने कहा है कि बैंक ऑफ़ इंडिया तत्काल संज्ञान लेकर पेंशनरों के खाते में प्रदेश सरकार द्वारा की गई वृद्धि की राशि तत्काल डालें.**

उन्होंने बताया कि प्रदेश की प्रमुख बैंक बैंक ऑफ़ इंडिया ने अभी प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनर के महंगाई भत्ते में की गई 3 प्रतिशत प्रतिशत वृद्धि बैंक द्वारा नहीं डाली गई. जब बैंक में तलाश की गई तो बैंक के अधिकारियों द्वारा बताया गया की शासन का आदेश हमें नहीं मिला. यह हास्यास्पद है.

### सीएम केयर योजना में भेदभावपूर्ण का आरोप

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 01 मई, का.** प्रदेश शासन की केबिनेट बैठक में कर्मचारियों/ पेंशनरों के लिए सीएम केयर योजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें कर्मचारी और पेंशनरों को 20 लाख रुपए तक का केशलेस इलाज मिलेगा, इसमें कर्मचारियों से उनके मूल वेतन का 1 प्रतिशत और पेंशनरों की मूल पेंशन से 4 प्रतिशत मासिक प्रीमियम लिया जाएगा जो कि पेंशनरों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार है. जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि इसको लेकर जिले के पेंशनरों में नाराजगी है. पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पंडित दिनेश कुमार नागर के नेतृत्व में जिले के पेंशनर इस योजना का पुरजोर विरोध करते हुए शासन से मांग करते है कि कर्मचारियों से जो 1 प्रतिशत की तुलना में पेंशनरों से 0 .5 . प्रतिशत प्रीमियम राशि काटी जावे. शाखा ब्यावरा अध्यक्ष कालूराम शाक्यवार, सचिव राधेलाल टेलर, कोषाध्यक्ष के. डी. अग्रवाल, घनश्यामदास गौड़, कैलाश नारायण सुतार सहित पेंशनर मौजूद रहे.



# ग्राम मऊ में शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे राज्यमंत्री टेटवाल

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 01 मई, सं. समीप ग्राम मऊ निवासी विक्रम सिंह राजपूत के पुत्र एवं पूर्व सरपंच फतेह सिंह राजपूत के भतीजे धीरज राजपूत का गत दिवस हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया था धीरज, अजय व श्याम राजपूत के भाई थे. युवक की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर है.**

प्रदेश के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेंटवाल ने ग्राम मऊ पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की. मंत्री टेटवाल ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ खड़ी है. उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. इस मौके पर जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा भगवान सिंह राजपूत सहित अन्य ग्रामीण जन व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय ने भी परिवार से भेंट कर स्व. धीरज के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए.

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में 80 रोगियों की हुई जांच

## खाटू श्याम परिसर में आयोजित हुआ नेत्र शिविर




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 मई, का. हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रहे समाजसेवी स्व फूलसिंह कुशवाहा की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में किया गया. शिविर में लगभग 80 लोगों की आंखों की जांच की गई.**

शिविर में भोपाल के सेवा सदन अस्पाताल से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की. मोतियाबिंद, दूर दृष्टि एवं निकट दृष्टि दोष जैसे विभिन्न नेत्र रोगों की पहचान की गई. मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई.

शिविर राघवम जनकल्याण संस्थान और खुशियों का ओटला के सहयोग से आयोजित किया गया. जांच के बाद मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन, चश्मा वितरण और ऑपरेशन के बाद के उपचार के लिए सेवा सदन अस्पताल भोपाल भेजा गया.

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने स्व फूल सिंह कुशवाहा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह जीवन भर समाजसेवा और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े रहे और कई जनहित के कार्य किए. उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर सेवा कार्यों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है.



### श्रमिक दिवस पर किया सम्मान

**नवभारत न्यूज, तलेन 01 मई, सं.** श्रमिकों का किया सम्मान तलेन श्री गिरिराज ऑयल इंडस्ट्रीज के नए प्रतिष्ठान आटा मिल पर मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में सभी कर्मचारियों का शाल एवं श्रीफल देकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया. श्याम भट्टर द्वारा बताया कि प्रति वर्ष हम मज़दूर दिवस मनाते है एवं कामगारों का सम्मान करते हैं. उन्होंने बताया कि हमारा अस्तित्व इन्हीं से है ये विश्व निर्माता हैं.

# सेवानिवृत्ति पर मण्डी उप निरीक्षक को दी भावपूर्ण विदाई

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 01 मई, सं.** कृषि मण्ड़ी समिति सहायक उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम राठौर की 62 वर्ष आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह का आयोजन रखा गया. कृषि उपज मंडी समिति में सहायक उपनिरीक्षक कि बिदाई समारोह में उन्हें शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. जहां पर मण्ड़ी निरीक्षक सुल्तान चौहान ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे राठौर साधारण रूप से हमेशा मण्डी हितों के प्रति समर्पित रहे हैं उन्होंने सभी कर्मचारियों को साथ रखकर व्यवहार कुशलता से काम किया है. तथा उनके दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई, जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी रामगोपाल दांगी, कपिल शर्मा, दिनेश राठौर एवं व्यापारी गोर्वधन लाल बैरिस्टर,



दामोदर टांक, दीपक जमींदार, नवनीत अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मोजूद रहे.

# लोधी समाज का विवाह सम्मेलन, 78 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## बड़ोदिया माता बल्डी पर हुए विवाह सम्मेलन में शामिल हुए हजारों सामाजिक बंधु

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 मई, का. बड़ोदिया माता बल्डी पर लोधा लोधी लववंशी समाज का 39 वां दूसरा निःशुल्क सम्मेलन हुआ जिसमें 78 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. सम्मेलन में जिले-भर से हजारों की संख्या में समाज बंधु शामिल हुए.**



वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन का आयोजन समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक है. समाज के मेधावी विद्यार्थियों, वरिष्ठजनों और प्रतिभावान युवाओं का सम्मान भी किया गया. इसके पश्चात समाज की वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसमें सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को संगठित करने पर विस्तार से चर्चा हुई. फिजूलखर्ची रोकने और सामूहिक आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन घीसालाल तरेना सम्मेलन अध्यक्ष, इंदरसिंह जिलाध्यक्ष, ज्ञानसिंह, सुरजसिंह, मनोहरसिंह, विक्रमसिंह, विनय सिंह, सजन सिंह, विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे.



# वर्षों बाद भी नहीं बना ब्रिज, आवागमन में परेशानी

## बारिश में जलमग्न हो जाता है भैंसाना से 2 किमी दूर पुराना रपटा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 मई, का. कुशलपुरा परियोजना को शुरू हुए कई साल बीत चुके है लेकिन भैसाना से 2 किलोमीटर दूर कुशलपूरा डेम के सामने से जाने वाले रास्ते पर पुराना ही रपटा है, यहां नवीन ब्रिज का निर्माण नहीं होने से भैंसाना सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. बारिश के दिनों में अधिकांश समय यह रपटा जलमग्न होने से कई किमी अतिरिक्त लम्बा रास्ता तय कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है.**

गौरतलब है कि ब्यावरा विधानसभा के खजुरिया जोड़ से भैंसाना के लिए मार्ग जाता है. इसी मार्ग पर भैंसाना से दो किमी दूर यह नदी पर रपटा मौजूद है. रपटे के काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होने से राहगीरों को जोखिम उठाकर आना-जाना पड़ता है.

**आये दिन होती है दुर्घटनाएं**-रपटे के यहां उबड़-खाबड़ जगह होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है. वर्तमान स्थिति इतनी विकट है कि दो पहिया वाहन चालक कच्चा और उबड़-खाबड़ रास्ता होने के कारण फिसलकर चोटिल हो रहे है. आश्चर्यजनक बात यह है कि भैसाना से ब्यावरा तक की सड़क का निर्माण तो शानदार तरीके से करवा दिया गया लेकिन बीच में रपटे की जगह ब्रिज का निर्माण आज दिनांक तक नहीं हो सका. एक तरफ चमचमाती सड़क है तो दूसरी तरफ यह रपटा जो बारिश के दिनो में भयावह स्थिति में जा पहुंचता है.

**बारिश में कई किमी अतिरिक्त तय करना पड़ता**-बारिश के दिनों में हालात और भी भयावह होते है. पानी, कीचड़ के बीच रपटे पर पानी आने से मार्ग बंद होने पर वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर दूर-दराज के रास्तों से जाना पड़ता है. समय और ईधन दोनों की बर्बादी होती है.

**जिम्मेदारों को करा चुके है अवगत**-इस समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया. लेकिन आज तक किसी ने भी इस और ठोस कदम नहीं उठाए. अनदेखी और उदासीनता के कारण लोग परेशानी का सामना करने को मजबूर है. इस बार भी आने वाले बारिश के मौसम में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा.

**प्रेरणा** ▶ तलेन के पीएमश्री स्कूल को आपसी सहयोग से संवारा शिक्षकों ने, बच्चों को मिला बेहतर शैक्षणिक माहौल

# शिक्षकों ने बदला स्कूल का परिवेश, सुधर गया परीक्षा परिणाम

नवभारत न्यूज

**तलेन 01 अप्रैल, सं.** जिले भर में एमपी बोर्ड परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में औसतन बेहतर रहे है. कई सरकारी स्कूलों ने अपेक्षा से अधिक अच्छे परिणाम देकर चौंका दिया है. हालांकि कई स्कूलों ने निराश भी किया है. जिन स्कूलों ने बेहतर परीक्षा परिणाम दिए है वहां कई तरह के कारण सामने आए है. लेकिन तलेन के पीएमश्री स्कूल की कहानी कुछ अलग है. यहां कभी परीक्षा परिणाम औसत रहता था. लेकिन यहां के शिक्षकों ने आपसी सहयोग से स्कूल का परिवेष बदल दिया. इसके कारण बच्चों और पालकों में स्कूल के प्रति विश्वास बढ़ा, पढ़ाई के प्रति माहौल और वातावरण बना और इसका सीधा असर स्कूल के बोर्ड परीक्षा परिणाम पर हुआ.

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नगर के पीएमश्री उमावि के विद्यार्थियों ने काफी श्रेष्ठ अंकों के साथ प्रदर्शन किया है. विद्यालय का ओवरऑल विद्यार्थी औसतन 85 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए है. जिला कलेक्टर द्वारा राजगढ़ बुलाकर यहां के विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मान व बधाई दे चुके है. पिछले तीन बार से यहां का परीक्षा परिणाम लगातार सुधर रहा है.



### इस वर्ष 56 लैपटॉप बंटेंगे शाला में

इस वर्ष कक्षा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा है. इस वर्ष 56 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है. इन्हें लैपटॉप दिए जाएंगे. यह आंकड़ा हर वर्ष बढ़ रहा है. वर्ष 21-22 में 20 लैपटॉप और 2 स्कूटी बांटी गई थी. जबकि 22-23 में 21 लैपटॉप विद्यार्थियों को दिए गए थे. इसके बाद 23-24 में यह संख्या बढ़कर 31 लैपटॉप वितरण पर पहुंची और 25-26 में यह 56 पर पहुंच गई है.

**जिले की मेरिट में भाई-बहन टॉपर** - पीएमश्री तलेन में हाई स्कूल परीक्षा परिणामों में इसी स्कूल के भाई-बहनों ने जिले की मैरिट में प्रथम और द्वितीय स्थान पर कब्जा किया है. 10 वीं में प्रवीण मेवाड़ा ने 98 जबकि उनकी बहन करिश्मा मेवाड़ा ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए. वहीं कक्षा 12 वीं में 36 विद्यार्थी विभिन्न संकायों में ऐसे है जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है. वहीं गणित संकाय में गौरी प्रजापति ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित किए.

**शिक्षकों ने जुटाई सुविधाएं**-शिक्षकों ने आपसी सहयोग से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के लिए पानी की टंकी फिल्टर, पंखे, प्रार्थना और आयोजनों के लिए साउण्ड सिस्टम, मां सरस्वती का मंदिर, मैदान में टीन शेड में सहयोग देना और उसे आधुनिक तरीके से डोम आकार में बनवाना, पेवर्स करनवाना, जिम का सामान, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए है. इससे बच्चों को स्कूल और पढ़ाई के प्रति रूचि बनी रहती है और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल शिक्षा और शिक्षण के प्रति बनता है.

*बेहतर परिवेष और अनुकूल वातारण शिक्षण और पढ़ाई के लिए जरूरी होता है. हमारी कोशिश है कि विद्यालय को बेहतर से बेहतर बनाया जाए. जिससे यहां शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों में प्रतिस्पर्धात्मक रूचियां पैदा हो.*

**एके पाटीदार, प्रभारी प्राचार्य**